[25/2/2026] परिशिष्ट "अ" (1)

प्रश्न सं. [क्र. 1836]

**कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक, ग्वालियर जोन, ग्वालियर (म.प्र.)**

क्रमांक/पुमनि/ग्वा.जोन/रीडर/पुमु–345–ही/2026, दिनांक 07-02-2026

प्रति,

**सहायक पुलिस महानिरीक्षक**
**(शिकायत)**
**पुलिस मुख्यालय, भोपाल**

विषय :– विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्रमांक 1836 प्रेषक माननीय विधायक श्रीमती प्रियंका पैंची द्वारा जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के संबंध में चाही गई जानकारी के संबंध में ।

संदर्भ :– आपका पत्र क्रमांक/पुमु/शिका0/विसभा/अतारांकित प्रश्न क्रं0 1836/2026, दिनांक 04.02.2026

******

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करें, जिसके माध्यम से विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्रमांक 1836 प्रेषक माननीय विधायक श्रीमती प्रियंका पैंची द्वारा जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के संबंध में प्रश्नांश के बिन्दु "क", "ख" की तत्काल जानकारी समस्त पत्रों की छायाप्रतियां एवं उक्त पत्रों पर की गई कार्यवाही के जांच प्रतिवेदन/जानकारी का परिशिष्ट तैयार कर आज ही ई–मेल aig_complaint@mppolice.gov.in पर तथा साथ ही विशेष वाहक से पुलिस मुख्यालय, भोपाल भिजवाने हेतु इस कार्यालय को लेख किया गया है।

इस कार्यालय के पत्र दिनांक 04.02.2026 द्वारा उपरोक्त संबंध में वांछित जानकारी समस्त पत्रों की छायाप्रतियां एवं उक्त पत्रों पर की गई कार्यवाही के संबंध में जांच प्रतिवेदन/जानकारी का परिशिष्ट तैयार कर आज ही ई–मेल के माध्यम से इस कार्यालय को भिजवाने हेतु पुलिस अधीक्षक, गुना को निर्देशित किया गया ।

उपरोक्त निर्देश के पालन में पुलिस अधीक्षक, गुना द्वारा पत्र दिनांक 04.02.2026 के माध्यम से अतारांकित प्रश्न क्रमांक 1836 के संबंध में बिंदुवार जानकारी इस कार्यालय को प्रेषित की गई है।

अतः पुलिस अधीक्षक, गुना द्वारा अतारांकित प्रश्न क्रमांक 1836 के संबंध में प्रेषित जानकारी के आधार पर वांछित जानकारी निम्नानुसार है :–

(क) माननीय जनप्रतिनिधि को क्षेत्र के लोगों की समस्या के निराकरण हेतु सक्षम अधिकारी को अवगत कराते हुए उस संदर्भ में जानकारी लेने का अधिकार है। किसी भी माननीय जन प्रतिनिधि द्वारा लोगों की समस्याओं के निराकरण हेतु जानकारी मांगे जाने पर प्रदाय की जाती है।

(ख) माननीय विधायक श्रीमती प्रियंका पैंची, विधानसभा क्षेत्र चांचौडा द्वारा पुलिस से संबंधित बताये गये कार्यों एवं समस्याओं के निराकरण के संबंध में पत्राचार या दूरभाष पर जब भी चर्चा की जाती है, उनका विधि एवं नियमानुसार निराकरण किया जाकर तत्परतांपूर्वक उन्हे अवगत कराया जाता है एवं जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद व समन्वय हेतु सदैव शिष्टाचार का पालन किया जाता है। यह कहना सही नहीं है कि, पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु अनदेखी का रवैया अपनाया जाता है।

AIG (Complaint)
PHQ Bhopal

Scanned with CamScanner

(6) / (2)

उपरोक्त संदर्भित पत्र में दिये गये निर्देशानुसार माननीय विधायक श्रीमती प्रियंका पैंची द्वारा पुलिस अधीक्षक गुना को प्रेषित पत्रों के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है :–

| क्र. | माननीनय विधायक द्वारा प्रेषित पत्र क्र. एवं दिनांक | विषय | कृत कार्यवाही |
|---|---|---|---|
| 1. | 825/18.09.2025 | वीरेन्द्र मीना निवासी–सांका कला थाना कुंभराज के आर्म्स लायसेंस के संबंध में । | आर्म्स लायसेंस संबंधी आवेदन थाना कुंभराज को जांच हेतु भेजा गया है, जहां से जांच प्रतिवेदन अप्राप्त है। इस संबंध में माननीय विधायक को पत्र क्रमांक 15/26, दिनांक 20.1.2026 द्वारा अवगत कराया गया है। |
| 2. | 852/25 दिनांक 25.09.2025 | आवेदक चरण सिंह मीना निवासी–ग्राम बड़ोद थाना कुंभराज के आर्म्स लायसेंस के संबंध में। | आर्म्स लायसेंस संबंधी आवेदन थाना कुंभराज को जांच हेतु भेजा गया है, जहां से जांच प्रतिवेदन अप्राप्त है। इस संबंध में माननीय विधायक को पत्र क्रमांक 15/26, दिनांक 20.1.2026 द्वारा अवगत कराया गया है। |
| 3. | 886/25 दिनांक 16.10.2025 | पूर्व में प्रेषित पत्रों पर कार्यवाही की स्थिति से अवगत कराने के संबंध में । | पत्र क्रमांक 886 में किसी निश्चित विषय का उल्लेख नहीं किया है अपितु जून–2025 से दिनांक 16.10.2025 तक इकाई में प्राप्त होने वाले पत्रों पर क्या कार्यवाही/निस्तारण एवं अद्यतन स्थिति से अवगत कराने का लेख किया गया है।<br>माह जून–2025 से दिनांक 16.10.2025 की अवधि में 02 पत्र इकाई को प्राप्त हुये है, जो निम्नबत है :–<br>1- पत्र क्रमांक–886/16.10.25<br>2- पत्र क्रमांक 896/24.10.25<br>उक्त दोनों पत्रों की जानकारी पत्र क्रमांक/पुअ/गुना/आर्म्स/886–ए/दिनांक 07.11.2025 के माध्यम से माननीय विधायक चाचौड़ा को प्रेषित की जा चुकी है। इस पत्र के संदर्भ में 896/24.10.2025 का उल्लेख है, किंतु त्रुटिवश 886/16.10.25 का संदर्भ में लेख नहीं हो पाया है। वर्तमान में दोनों पत्रों का विधिवत निराकरण किया गया है। |
| 4. | 896/2025 दिनांक 24.10.2025 | आवेदक हेमंत मीना निवासी–ग्राम झारेडा थाना कुंभराज एवं उम्मेद सिंह मीना निवासी–ग्राम झारेडा थाना कुंभराज के आर्म्स लायसेंस के संबंध में। | इस पत्र की जानकारी कार्यालयीन पत्र क्रमांक 886–ए/25, दिनांक 07.11.2025 द्वारा माननीय विधायक की ओर प्रेषित की गई है। |

A.I.G (Complaint) PHQ Bhopal

उप सचिव/अधिकारी, मध्यप्रदेश शासन, गृह (पुलिस) विभाग

Scanned with CamScanner

(7) (3)

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ईमेल पर प्रेषित पर | राहुल मीना निवासी–ग्राम गंगापुरा | ईमेल पर प्राप्त आवेदन पत्र की जानकारी पत्र क्रमांक 20756/25, दिनांक 24.10.25 माननीय विधायक की ओर प्रेषित की गई है। |
| 6. | 992/25 दिनांक 16.12.2025 | आवेदक दीपेन्द्र गुर्जर ग्राम कनकनहेरू थाना चाचौड़ा के आर्म्स लायसेंस के संबंध में । | आर्म्स लायसेंस संबंधी आवेदन थाना चाचौड़ा को जांच हेतु भेजा गया है, जहां से जांच प्रतिवेदन अप्राप्त है। इस संबंध में माननीय विधायक को पत्र क्रमांक 15/26 दिनांक 20.01.2026 द्वारा अवगत कराया गया है। |
| 7. | 993/25 दिनांक 16.12.2025 | ब्रहंसत्त मीना निवासी ग्राम किशोरा थाना चाचोड़ा की शस्त्र लायसेंस अनुशंसा बावत् । | इस संबंध में प्रतिवेदन कलेक्टर, गुना को पत्र क्रमांक 87–ए, दिनांक 12.01.2026 द्वारा प्रेषित किया गया एवं इस संबंध में पत्र क्रमांक 15/26 दिनांक 20.01.2026 द्वारा माननीय विधायक को अवगत कराया गया है। |

अतः उपरोक्तानुसार वांछित प्रतिवेदन समस्त पत्रों की छायाप्रतियां सहित अवलोकनार्थ संलग्न प्रेषित है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

(अरविन्द कुमार सक्सेना)
पुलिस महानिरीक्षक
ग्वालियर जोन, ग्वालियर

A.I.G. (Complaint)
PHQ Bhopal

पृह (पुलिस) विभाग, मंत्रालय, भोपाल

Scanned with CamScanner